दिन–मंगलवार दिनांक– 16 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य में उन्नीस अप्रैल को होने वाले पहले चरण के चुनाव के लिए प्रचार अंतिम दौर में। सभी प्रमुख राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों ने झोंकी पूरी ताकत।

02. भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गया और पूर्णियां में जन सभा को संबोधित किया।

03. श्री मोदी ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर राजनीतिक लाभ के लिए संविधान को हथियार की तरह इस्तेमाल करने का लगाया आरोप।

04. और, तीसरे चरण के चुनाव के लिए सुपौल, अररिया, झंझारपुर, मधेपुरा और खगड़िया में नामांकन भरने का कार्य हुआ तेज।

————————————————————————

राज्य में लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण का प्रचार तेज हो गया है। सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के साथ ही विभिन्न प्रत्याशी प्रचार में अपनी पूरी ताकत लगा रहे हैं। राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता रैलियां और रोड शो कर रहे हैं। पहले चरण में राज्य की चार संसदीय सीटों– औरंगाबाद, गयया, नवादा और जमुई में उन्नीस अप्रैल को मतदान होना है। जबकि दूसरे चरण में छब्बीस अप्रैल को राज्य के पांच संसदीय सटों–किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका में मतदान होगा। पहले चरण का चुनाव प्रचार कल शाम समाप्त हो जायेगा।

————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर अपने राजनीतिक लाभ के लिए संविधान को हथियार की तरह इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। गया के गांधी मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुये श्री मोदी ने कहा कि विपक्षी दलों की ओर से लोगों को गुमराह करने के लिए यह झूठ गढ़ा जा रहा है कि भारतीय जनता पार्टी संविधान बदल देगी। उन्होंने कहा कि कोई भी संविधान को नहीं बदल सकता है।

———बाईट———

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इंडी गठबंधन के नेताओं पर सनातन धर्म का अपमान करने का भी आरोप लगाया। श्री मोदी ने लोगों को राजद के कुशासन की याद दिलाते हुये कहा कि भ्रष्ट सरकारों ने बिहार को केवल जंगल राज और भ्रष्टाचार का उपहार दिया है।

———बाईट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्षी गठबंधन के नेताओं के पास कोई दृष्टि नहीं है। वे चुनाव प्रचार में भी एनडीए सरकार के काम के नाम पर ही वोट मांगते हैं।

———बाईट———

प्रधानमंत्री ने हाल ही में जारी भाजपा के घोषणा पत्र का जिक्र करते हुये कहा कि संकल्प पत्र में शामिल हर आश्वासन पर जनता का भरपूर विश्वास है। उन्होंने कहा कि समाज के गरीब, उपेक्षित और कमजोर वर्गों के लिए एनडीए सरकार की गारंटी अगले पांच वर्षों तक जारी रहेगी।

———बाईट———

गया की जनसभा में एनडीए प्रत्याशी जीतन राम मांझी, केन्द्रीय अश्विनी चौबे, पशुपति कुमार पारस समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। इधर, पूर्णिया में जनसभा को संबोधित करते हुये प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार में कभी भी सामर्थ्य की कभी कमी नहीं रही। इसे कांग्रेस और सहयोगी दलों की सरकारों ने पिछड़ा बना कर रखा। श्री मोदी ने कहा कि आज एनडीए की सरकारों की स्पष्ट नीतियों के कारण बिहार नित्य प्रगति के मार्ग पर रिकॉर्ड गति से आगे बढ़ रहा है।

———बाईट———

————————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने एनडीए सरकार पर बेरोजगारी, महंगाई और गरीबी जैसे बड़े मुद्दों की अवहेल्ना करने का आरोप लगाया। श्री यादव ने आज शेखपुरा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि एनडीए गठबंधन के घोषणा पत्र से जनता के मुद्दे गायब है। उन्होंने कहा कि यदि इंडी गठबंधन को अवसर मिला तो पन्द्रह अगस्त से ही एक करोड़ नौकरी देने की प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी।

———बाईट———

————————————————————————

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की पांच संसदीय सीटों झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में नामांकन का कार्य तेज हो गया है। आज सुपौल संसदीय सीट से एनडीए प्रत्याशी के तौर पर जदयू के दिलेश्वर कामत ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस अवसर पर जदयू के वरिष्ठ नेता और मंत्री बिजेन्द्र यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी समेत एनडीए के कई नेता मौजूद थे। इधर, राजद प्रत्याशी चन्द्रहास चौपाल ने भी आज अपना नामांकन दाखिल किया। सुपौल

संसदीय सीट से आज कुल चार नामांकन पत्र भरे गये। वहीं, अररिया संसदीय सीट से भाजपा के प्रदीप कुमार सिंह ने अपना नामांकन पत्र भरा। अररिया से निर्दलीस प्रत्याशी मोहम्मद शाहनवाज आलम ने भी अपना नामांकन दाखिल किया। खगड़िया संसदीय सीट से लोजपा रामविलास के उम्मीदवार राजेश वर्मा ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। झंझारपुर संसदीय सीट से आज तीन निर्दलीस प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र भरा। इन सभी सीटों पर उन्नीस अप्रैल तक नामांकन किया जा सकता है। मतदान सात मई को होगा।

———————————————————————

और अब पेश है– लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे नालंदा लोकसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

———बाईट———

नालंदा विधानसभा क्षेत्र में सातवें चरण के तहत एक मई को मतदान होगा। चुनाव घोषणा के साथ ही जिला प्रशासन इन दोनों सीटों पर आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में जुट गया है। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए पोलिंग बूथों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है।

———बाईट–जिलाधिकारी———

जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप के तहत लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें आगंनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता और जीविका दीदियों की मदद ली जा रही है। पहली बार वोट करने वाले मतदाताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

———बाईट–मतदाता———

इधर, नालंदा में राजनीतिक दलों का चुनाव अभियान भी जोर पकड़ने लगा है। आकाशवाणी समाचार के लिए बिहारशरीफ से निरंजन कुमार।

———————————————————————

संघ लोक सेवा आयोग– यूपीएससी ने सिविल सेवा परीक्षा दो हजार तेईस का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। आईआईटी कानपुर के छात्र आदित्य श्रीवास्तव पहले स्थान पर रहे हैं। वहीं, अनिमेष प्रधान दूसरा जबकि दोनुरू अनन्या रेड्डी ने तीसरे स्थान प्राप्त किया है। जानकारी के अनुसार समस्तीपुर के शीवम कुमार टिबरेवाल ने उन्नीसवां जबकि औरंगाबाद के विरूपाक्ष सिंह ने उनचासवां स्थान हासिल किया हैं। परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले पच्चीस शीर्ष उम्मीदवारों में दस महिलाएं और पंद्रह पुरुष शामिल हैं। यूपीएससी में नियुक्ति के लिए कुल एक हजार सोलह उम्मीदवारों के नामों की अनुशंसा की है। इनमें से छह सौ चौंसठ पुरुष और तीन सौ बावन महिलाएं हैं। इस परीक्षा में छह लाख से अधिक छात्र–छात्राओं ने भाग लिया था।

———————————————————————————

पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र के न्यू बाईपास पर आज सुबह एक सड़क दुर्घटना में सात लोगों की मृत्यु हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार राम लखन सिंह मार्ग पर सवारियों को ले जा रहा एक आटोरिक्शा मेट्रो रेल परियोजना की क्रेन से टकरा गया। हादसे में चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दुर्घटना में मारे गये मृतकों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायलों के समुचित इलाज के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये हैं।

———————————————————————————

फिल्म अभिनेता सलमान खान के मुम्बई स्थित बंगले पर फायरिंग के मामले में शामिल दो आरोपियों को मुम्बई पुलिस ने गुजरात के कच्छ शहर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शूटर विक्की कुमार और सागर कुमार पश्चिम चम्पारण जिले के गौनाहा थाना क्षेत्र अन्तर्गत मसही गांव के रहने वाले हैं।

———————————————————————————

चैत्र नवरात्र के आठवें दिन आज देवी दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा–अर्चना की जा रही है। मान्यता है कि देवी के महागौरी स्वरूप की आराधना से भक्तों को सुख–सौभाग्य की प्राप्ति होती है तथा उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

———————————————————————————

रामनवमी का त्यौहार कल प्रदेशभर में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक संगठनों द्वारा झांकी और ध्वजा जुलूस निकाला जायेगा। राजधानी पटना में डाकबंगला चौराहे पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी शामिल होंगे। इधर, पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर में भक्तों की सम्भावित भीड़ को देखते हुये आज देर शाम से कल तक के लिए मंदिर और आसपास के क्षेत्र में यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। विभिन्न जिला प्रशासन ने रामनवमी के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कड़े प्रबंध किये हैं।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. राज्य में उन्नीस अप्रैल को होने वाले पहले चरण के चुनाव के लिए प्रचार अंतिम दौर में। सभी प्रमुख राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों ने झोंकी पूरी ताकत।

02. भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गया और पूर्णियां में जन सभा को संबोधित किया।

03. श्री मोदी ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर राजनीतिक लाभ के लिए संविधान को हथियार की तरह इस्तेमाल करने का लगाया आरोप।

04. और, तीसरे चरण के चुनाव के लिए सुपौल, अररिया, झंझारपुर, मधेपुरा और खगड़िया में नामांकन भरने का कार्य हुआ तेज।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।